# वीयू– पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर अंतर कक्षा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु (प्रो.) डॉ. मनदीप शर्मा जी के मार्गदर्शन में प्रारंभ आज दिनांक 21 जनवरी 2025 को उद्घाटन में कैंट विधानसभा के माननीय विधायक श्री अशोक रोहाणी जी उपस्थित











रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर एवं छात्र–छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ राजेश शर्मा एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ आदित्य मिश्रा तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे छात्र–छात्राओं द्वारा शारीरिक प्रदर्शन में पिरामिड एवं आसनों का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। अंतर कक्षा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे। बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान शान रघुवंशी ,द्वितीय अविनाश एवं तृतीय स्थान पर निखिल रहे, वॉलीबॉल बालिका वर्ग में चतुर्थ

वर्ष विजेता एवं तृतीय वर्ष उप विजेता। वॉलीबॉल बालक वर्ग में चतुर्थ वर्ष विजेता एवं प्रथम वर्ष उप विजेता रहा। बैडमिंटन बालक वर्ग में पी.जी. विजेता रहा। शतरंज बालक वर्ग में पी. जी. विजेता रहा। बालक क्रिकेट वर्ग में प्रथम वर्ष विजेता रहा एवं पी.जी., पीएचडी उप विजेता रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर